07-10-2021

विश्व पर्यावास दिवस

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा 1985 में प्रतिवर्ष विश्व पर्यावास दिवस मानने का निर्णय लिया गया था।
2. इस दिवस का पालन इस प्रकाश में महत्वपूर्ण है, क्योंकि जनसंख्या घनत्व विविधता, गरीबी जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाओं ने जीवन की गुणवत्ता के लिए खतरा पैदा कर दिया जाता है।
3. यह दिन हर साल अक्टूबर के पहले सोमवार को मनाया जाता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03
(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :-हाल ही में विश्व पर्यावास दिवस 4 अक्टूबर 2021 को मनाया गया। यह दिन संयुक्त राष्ट्र की पहल है।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- इस दिन को दुनिया भर में हर किसी के लिए पर्याप्त आश्रय और आवास के मूल अधिकार को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है।
- यह दिन हर साल अक्टूबर के पहले सोमवार को मनाया जाता है।
- इस वर्ष की थीम "Accelerating Urban Action for a Carbon free world" है
- संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा 1985 में प्रतिवर्ष विश्व पर्यावास मनाने का निर्णय लिया गया था।
- इस दिवस का पालन का निर्णय लिया गया था।
- इस दिवस का पालन इस प्रकाश में महत्वपूर्ण है, क्योंकि जनसंख्या घनत्व गरीबी, जलवायु संकट और प्राकृतिक आपदाओं ने जीवन की गुणवत्ता के लिए खतरा पैदा कर दिया है।
- अनियोजित शहर तेजी से शहरीकरण और पर्यावरण इसके प्रतिकूल प्रभावों ने आश्रय संकट जैसी कई अन्य समस्याओं को जन्म दिया है।
- इस दिन का उद्देश्य कार्रवाई योग्य शून्य-कार्बन योजनाओं को विकसित करना भी है।

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

आरबीआई ने NARCL को लाइसेंस किया प्रदान

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. NARCL उधारदाताओं की दवाबग्रस्त संपत्तियों को लेने के लिए एक प्रस्तावित बैड बैंक है।
2. NARCL खराब ऋणों के लिए सहमत मूल्य का 15 प्रतिशत नकद में भुगतान करेगा जबकि शेष 85 प्रतिशत सरकार द्वारा गारंटीकृत प्रतिभूति रसीदे होगी।
3. NARCL को कंपनी रजिस्ट्रार के साथ पंजीकरण के बाद जुलाई 2021 में मुबंई में गठित किया गया था।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :- हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 6,000 करोड़ रूपये की नेशनल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड NARCL को लाइसेस दिया।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

❖ वित्त मंत्री ने 2021-22 के बजट मे इसका उल्लेख किया था उन्होंने मौजूदा तनावग्रस्त ऋण को समेकित करने के लिए एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड और एसेट मैंनेजमेट कंपनी स्थापित करने की घोषणा की थी।

❖ कैबिनेट ने NARCL द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों के लिए 30,600 करोड़ रूपये की सरकारी गारंटी देने की प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

❖ हाल ही में SBI इंडियन बैक और यूनियन बैक ऑफ इंडिया ने NARCL में प्रत्येक में 13.27 प्रतिशत हिस्सेदारी ली है पंजाब नेशनल बैक से लगभग 12 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रह किया।

❖ NARCL उधारदाताओं की दबावग्रस्त संपत्तियों को लेने के लिए एक प्रस्तावित बैड बैंक है।

❖ NARCL द्वारा खराब मूल्यों के लिए सहमत मूल्य का 15 प्रतिशत नकद में भुगतान करेगा जबकि शेष 85 प्रतिशत सरकार द्वारा गारंटीकृत प्रतिभूमि रसीदे होगी।

❖ सरकार ने 500 करोड़ रूपये और उससे अधिक के खराब ऋणों को रखने के लिए एक बैंड बैंक बनाने की योजना बनाई है।

❖ NARCL को कंपनी रजिस्ट्रर के साथ पंजीकरण के बाद जुलाई 2021 में मुंबई में गठित

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS

किया गया था।

डेयर टू ड्रीम 2.0

प्रश्न : निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारतीय शिक्षाविदों व्यक्तियों और उभरती रक्षा और एयरोस्पेस प्रौद्योगिकियों या प्रणालियों को विकसित करने के लिए स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए डीआरडीओ द्वारा भारत भर में डेयर टू ड्रीम प्रतियोगिता शुरू की गई थी।
2. व्यक्तिगत श्रेणी में 22 और स्टार्ट अप श्रेणी में 18 सहित 40 विजेताओं को पुरस्कार दिए गए।
3. इस अवसर पर नवोन्मेषकों और स्टार्ट अप को बढ़ावा देने और देश में यूवा प्रतिभाओं के लिए मंच प्रदान करने के लिए डेयर टू ड्रीम 3.0 भी शुरू किया गया है।

उपरोक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(A) 01 और 02 (B) 02 और 03

(C) 01 और 03 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर :- (D) उपरोक्त सभी

भूमिका :-हाल ही में 4 अक्टूबर 2021 को रक्षा मंत्री ने रक्षा अनुसंधान एंव विकास संगठन **DRDO** द्वारा आयोजित डेयर टू ड्रीम 2.0 प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया।

परीक्षा उपयोगी बिन्दु :-

- ❖ व्यक्तिगत श्रेणी में 22 स्टार्टअप श्रेणी से 18 सहित 40 विजेता को पुरस्कार दिए गए।
- ❖ इस अवसर पर नवोन्मेष को और स्टार्ट अप को बढ़ावा देने और देश में युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए डेयर टू ड्रीम 3.0 भी शुरू किया गया है।
- ❖ भारतीय शिक्षाविदों व्यक्तियों और एयरोस्पेस प्रोयोगिकियों या प्रणालियों को विकसित करने के लिए DRDO द्वारा भारत भर में डेयर टू ड्रीम प्रतियोगित शुरू की गई थी।
- ❖ इस प्रतियोगिता के तहत् DRDO विजेताओं को प्रौद्योगिकी विकास कोष (TDF) योजना के तहत उनके विचारों को साकार करने के लिए तकनीकी ओर वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
- ❖ इस अवसर पर DRDO द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित तीन उत्पाद या प्रणालियों सशस्त्र बलों को सौपी ARINC818 वीडियों प्रोसेसिंग और स्विचिंग मॉडयूल, सोनार प्रदर्शन मॉडलिंग प्रणाली।

OOOOO

DOWNLOAD KAUTILYA ACADEMY APP FROM GOOGLE PLAY STORE
AND GET FREE DAILY CURRENT AFFAIRS